Bareilly, Friday,
15 October 2021
BAREILLY EDITION
Price ₹ 3.00/-
Pages 18

दैनिक जागरण
Happy Dussehra

inext

PAGER NO. 06, MIDDLE

# डांडिया नाइट्स में स्टूडेंट्स ने जमकर मचाया धमाल

एसआरएमएस के अलकनंदा रिसॉर्ट में हुआ कार्यक्रम.

bareilly@inext.co.in

**BAREILLY (14 Oct):** एसआरएमएस अलकनंदा रिसॉर्ट में आज कनेक्सस क्लब ने नवरात्रि के अंतिम दिन डांडिया नाइट 'जलसा' का आयोजन किया. डांडिया वास्तव में देवी दुर्गा और महिषासुर के बीच की लड़ाई का एक मंचन है. इसमें डांडिया की छड़ी देवी दुर्गा की तलवार का प्रतिनिधित्व करती हैं. कार्यक्रम में सभी लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और गुजराती पारंपरिक गीतों पर जमकर गरबा किया.

## जमकर थिरके स्टूडेंट्स

गुरुवार की रात एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के कनेक्सस क्लब की तरफ से पहली बार अलकनंदा रिसॉर्ट में डांडिया नाइट्स जलसा कार्यक्रम का आयोजन किया गया. कनेक्सस क्लब की एग्जीक्यूटिव मुस्कान ने बताया कि डांडिया नाइट्स की शुरुआत मां अम्बे जी की पूजा के साथ हुई. लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा में सजकर गुजरात के परंपरागत गीतों की धुन पर गरबा किया. हाथों में डांडिया लिए स्टूडेंट्स 'ढोलीडा ढोल धीमो' 'केसरिया रंग तन्ने लाग्यो' 'सनेडो' सहित अन्य फिल्मी गीतों पर जमकर थिरके. देर रात तक कार्यक्रम में सभी ने खूब मस्ती की. कार्यक्रम में एसआरएमएस मेडिकल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. एसबी गुप्ता, डा. नीलिमा मेहरोत्रा, अमित राणा, डॉ. समता तिवारी, डॉ. जसविंदर सिंह, एमबीबीएस, नर्सिंग स्टूडेंट्स और इंटर्न शामिल रहे.